राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018
दूरभाष नं. 0141–2722520
www.rsmssb.rajasthan.gov.in

क्रमांकः प.8(80)RSSB/प.आ./प्रयोगशाला सहायक सी.भ.प/2022/129 दिनांकः 07.06.2022

विज्ञप्ति

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के विज्ञापन संख्या 04/2022 क्रमांक 286 दिनांकः 16.03.2022, के द्वारा प्रयोगशाला सहायक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा– 2022 के लिए परीक्षा तिथि 28.06.2022 एवं 29.06.2022 का उल्लेख करते हुए आवेदन पत्र आमन्त्रित करते किये गये थे एवं इसके पश्चात संशोधित विज्ञप्ति क्रमांक 319 दिनांक 28.03.2022 एवं क्रमांक 89 दिनांक 30.05.2022 को जारी की गयी थी। तदान्तर्गत ही **उक्तांकित परीक्षाओं का आयोजन आवश्यक कारणवश अब आंशिक संशोधित कर चरणवार** निम्नांकित तालिका में वर्णित कार्यक्रमानुसार किया जावेगाः–

क्र.सं.	परीक्षा का नाम	परीक्षा दिनांक	परीक्षा का समय
1.	**प्रयोगशाला सहायक (विज्ञान) संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा– 2022**	28.06.2022 (मंगलवार) (पेपर–I) (प्रथम चरण)	प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 12:00 बजे तक
		28.06.2022 (मंगलवार) (प्रथम चरण)(पेपर–II)	अपरान्ह 02:30 बजे से सायं 04:30 बजे तक
		29.06.2022 (बुधवार) (पेपर–I) (द्वितीय चरण)	प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 12:00 बजे तक
		29.06.2022 (बुधवार) (द्वितीयचरण)(पेपर–II)	अपरान्ह 02:30 बजे से सायं 04:30 बजे तक
2.	**प्रयोगशाला सहायक (भूगोल) संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा– 2022**	30.06.2022 (गुरूवार)	प्रातः 09:30 बजे से अपरान्ह 12:30 बजे तक
3.	**प्रयोगशाला सहायक (गृहविज्ञान) संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा– 2022**	30.06.2022 (गुरूवार)	अपरान्ह 03:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक

अतः उपरोक्त **परीक्षा** के अभ्यर्थियों को **निम्नानुसार सूचित किया जाता है किः–**

1. आवेदक यह सुनिश्चित कर लें कि वे बोर्ड कार्यालय की उक्त विज्ञप्तियों के अनुसार निर्धारित पात्रता एवं शैक्षणिक योग्यता रखते हैं।
2. उक्त परीक्षा के लिए **"प्रोविजनल ई– प्रवेश पत्र"** बोर्ड की वेबसाइट **www.rsmssb.rajasthan.gov.in से डाउनलोड करने की दिनांक के लिए अलग से यथासमय सूचित कर दिया जायेगा।** बोर्ड द्वारा परीक्षार्थियों को अलग से प्रवेश पत्र प्रेषित नहीं किये जायेंगे।
3. **परीक्षाओं के सम्बन्ध में विभिन्न सोशल मीडिया पर किये जा रहे भ्रामक प्रचार पर विश्वास न करें। बोर्ड द्वारा राज्य स्तरीय प्रतिष्ठित समाचार–पत्रों में एवं बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर प्रकाशित विज्ञप्ति** द्वारा दी गई **जानकारी को ही अधिकृत माना जावे।**
4. नवीनतम एवं अद्यतन सूचनाओं की जानकारी के लिए बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in का नियमित रूप से अवलोकन करें।

(पुष्कर राज शर्मा)
सचिव